[27 & A-19] Seat No. ____________ No. of printed pages : 2

SARDAR PATEL UNIVERSITY
B.A. (V Semester) (CBCS) Examination
Friday, 18th November 2016
10.00 am - 1.00 pm
UA05CHLT13 : Hindi Nibandh Sahitya

Total Marks: 70

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए: **(किन्हीं तीन)** (१५)

(१) ''सभी युगों में थोडा-बहुत संघर्ष रहा है, तथापि इस युग में संघर्ष की मात्रा अधिक है; संघर्ष विश्व व्यापी हो रहा है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जो संघर्ष से खाली हो। धर्म का उदय मानव समाज में ऐहिक और पारलौकिक शांति के लिए हुआ था, किन्तु आजकल धर्म अशांति का केन्द्र बन गया है।''

(२) ''दुःख के वर्ग में जो स्थान भय का है, वही स्थान आनंद-वर्ग में उत्साह का है। भय में हम प्रस्तुत कठिन स्थिति के नियम से विशेष रूप में दुःखी और कभी-कभी उस स्थिति से अपने को दूर रखने के लिए प्रयत्नवान भी होते है।''

(३) ''अशोक में फिर फूल आ गये हैं। इन छोटे-छोटे लाल-लाल पुष्पों के मनोहर स्तबकों में कैसा मोहन भाव है बहुत सोच-समझकर कंदर्प देवता ने लाखों मनोहर पुष्पों को छोड़कर सिर्फ पाँच को ही अपने तूणीर में स्थान देने योग्य समझा था। एक यह अशोक ही है।''

(४) ''भगवान, अगर सुदर्शन चक्र का लाइसेंस मिल जाये तो भी किसी को मारने पर दफा में फंस जाएगें।''

(५) ''अगर इंडिया इतना खूब सूरत है, तो बाकी हमें खा लेने दो। तुमने 'इंडिया' खा लिया। बाकी बचा 'भारत' हमें खाने दो।''

प्र.२ निबंध के तत्त्वों के आधार पर 'कवि और कविता' निबंध की समीक्षा कीजिए। (२०)

अथवा

प्र.२ टिप्पणी लिखिए:

(१) 'अशोक के फूल' निबंध का महत्त्व।

(२) 'उत्साह' निबंध का संक्षिप्त सार।

प्र.३ 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' व्यंग के केन्द्रीय भाव को स्पष्ट करते हुए उसके संदेश को स्पष्ट कीजिए। (२०)

अथवा

प्र.३ टिप्पणी लिखिए:

(१) 'कर कमल हो गये' निबंध की प्रमुख विशेषताएँ।

(२) हरिशंकर परसाई के राजनैतिक व्यंग्य।

प्र.४

(अ) टिप्पणी लिखिए: **(किन्हीं एक)** (०८)

(१) निबंध का स्वरूप।

(२) हरिशंकर परसाई की साहित्य साधना।

(ब) निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** प्रश्नों का उत्तर अति संक्षेप में लिखिए: (०७)

(१) 'उत्साह' के प्रमुख भेद बताईए।

(२) 'कवि और कविता' निबंध के रचयिता कौन है?

(३) अशोक का वृक्ष कितने साल पुराना है?

(४) शुकलयुग नाम किन-किन विधाओं के लिए प्रचलित है?

(५) राजाराम मोहनराय की प्रेरणा से किस पत्र का प्रकाशन हुआ?

(६) नये किस्म के कमल की क्या विशेषताएँ है?

(७) सद्गुरू का क्या कहना है?

(८) निंदा क्या काम करती है?

(९) हरिशंकर परसाईजी की मृत्यु कब हुई थी?

*****